# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03 अक्टूबर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- शारदीय नवरात्र की आज से हुयी शुरूआत। दर्शन–पूजन के लिये प्रदेश भर के शक्तिपीठो और देवी मंदिरों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़।
- प्रदेश भर में कल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर अर्पित की गई श्रद्धांजलि।
- जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होल्नेस ने वाराणसी का किया दौरा : भगवान बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ का किया भ्रमण, गंगा आरती में हुए शामिल।
- बरेली के कल्याणपुर गांव में पटाखे की एक अवैध फैक्ट्री में विस्फोट होने से पांच लोगों की मौत। कई अन्य घायल।

**********

शारदीय नवरात्र पर्व आज से शुरू हो गया है। आज सुबह से ही प्रदेश भर के शक्तिपीठो और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। ब्रम्हमुहूर्त से ही श्रद्धालु माता का दर्शन पूजन कर रहे हैं। लोग अपने घरो में भी कलश स्थापना कर के पूजा अर्चना शुरू कर रहे हैं। आज शारदीय नवरात्र के पहले दिन मॉ भगवती के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की आराधना की जा रही है। प्रसिद्व शक्तिपीठ विन्ध्याचल के माता बिन्ध्यवासिनी देवी मंदिर पर बीती मध्य रात्रि से ही नवरात्र मेला शुरू हो गया है। मेले की सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गये हैं। और विवरण हमारे मिर्जापुर प्रतिनिधि से:–

***मां विन्ध्यवासिनी की जय–जयकारों के बीच प्रसिद्व शक्तिपीठ विन्ध्याचल मे शारदीय नवरात्र मेला प्रारंभ हो चुका है। कल से ही श्रद्धालुओं के विन्ध्याचल पहुंचने का सिलसिला अभी भी जारी है। भोर मे कलश स्थापना व मंगला आरती के बाद जैसे ही मंदिर के कपाट खुले समूची विन्ध्य नगरी घंटा घड़ियाल के साथ मां के जय–जयकारों से गूंज उठी। इस समय बड़ी संख्या मे श्रद्धालु मां विन्ध्यवासिनी का दर्शन पूजन कर त्रिकोण परिक्रमा पूरी कर रहें हैं। मेला क्षेत्र को 3 सुपर जोन 10 जोन व 21 सेक्टरों मे विभाजित कर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मेला की कमान संभाले हुए हैं। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र मे 2 हजार से भी अधिक पुलिस के जवान तैनात हैं। उत्तर–मध्य रेलवे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये विन्ध्याचल स्टेशन पर 11 जोड़ी अतिरिक्त ट्रेनों के ठहराव की व्यवस्था की है। परिवहन विभाग प्रदेश के विभिन्न जिलों को विन्ध्याचल से जोड़ने के लिये सौ से अधिक अतिरिक्त बसें चला रहा है। माँ के गर्भ गृह मे प्रवेश पर पाबंदी के साथ चरण स्पर्श पर रोक लगाया गया है। एस एम सबा आकाशवाणी समाचार विन्ध्याचल मिर्जापुर***

नेपाल की सीमा से लगे बलरामपुर जिले में स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ पर भी दर्शन और पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी है। इनमें पड़ोसी देश नेपाल से आए श्रद्धालु भी शामिल हैं। वहां से हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट:–

***बलरामपुर जिले के तुलसीपुर नगर में स्थित देश के 51 शक्तिपीठों के अंतर्गत देवी पाटन शक्तिपीठ पर शारदीय नवरात्रि का विशेष पूजन ब्रह्म मुहूर्त से प्रारंभ हो गया है। प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया देश प्रदेश के कोने–कोने एवं पड़ोसी देश नेपाल से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन व मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए आवास व सुरक्षा का विशेष प्रबंध किया गया है। श्रद्धालुओं को सुगमता से पहुंचने के लिए परिवहन विभाग द्वारा विशेष बसें चलाई जा रही हैं।राम कुमार मिश्र बलरामपुर।***

वाराणसी के दुर्गाकुण्ड सहित विभिन्न देवी मंदिरो और अयोध्या के बड़ी देवकाली, छोटी देवकाली, जालपा देवी और पाटेश्वरी देवी मंदिरो पर भी दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। सहारनपुर में शिवालिक पहाड़ियों पर स्थित मॉ शाकुम्भरी देवी सहित पश्चिमी जिलों के विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं। गोरखपुर जिले में मॉ तरकुलहा देवी मंदिर और महराजगंज जिले के आद्रवन स्थित लेहड़ा देवी मंदिर में भी ब्रम्हमुहूर्त से श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गये हैं। इसके साथ ही दुर्गा पूजा उत्सव भी शुरू हो गया है।

दुर्गा पाण्डालों में एक ओर जहां साज–सज्जा को अंतिम रूप दिया जा रहा है वहीं पूजा–अर्चना भी शुरू हो गयी है। कुछ पाण्डालों में देवी प्रतिमाएं भी लाकर रख दी गयी हैं। अयोध्या में शारदीय नवरात्र की पूर्व संध्या पर कल सरयू तट से वरूण आह्वान के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। यह कलश यात्रा नगर के सभी प्रमुख मार्गों से होते हुए देवकाली मंदिर पहुंची। लोगों ने पुष्प वर्षा कर के यात्रा का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को नवरात्र पर्व की हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश भर के शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में तीर्थयात्रियों को हर सम्भव सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है।

**********

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कल प्रदेशभर में उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। इस अवसर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के द्वारा कार्यक्रमों के माध्यम से महात्मा गांधी और शास्त्री जी के

व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीपीओ स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बापू आजादी के महानायक थे। वह स्वच्छता और नारी गरिमा के प्रति आग्रही थे।

***देश के अंदर बारह करोड़ से अधिक घरों में शौचालयों का निर्माण यह ना केवल स्वच्छता के प्रति उनकी आग्रह, बल्कि नारी गरिमा के गौरव को बढ़ाने एक अभियान भी है। नारी सशक्तिकरण के बगैर आप समाज को सुदृढ़ नहीं कर सकते, स्वावलंबी नहीं बना सकते। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के महत्वपूर्ण वचन थे स्वच्छता के लिए, नारी सशक्तिकरण के लिए, स्वदेशी के लिए और स्वावलंबन के लिए इनकी प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है।***

**********

जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस अपने भारत दौरे के दौरान कल एक दिन के लिए वाराणसी पहुंचे। यहां हवाई अड्डे पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने उनका स्वागत किया। उन्होंने भगवान बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ का भ्रमण किया। और जानकारी हमारे प्रतिनिधि से......

***जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस भगवान बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ पहुंचे, जहां उन्होंने संग्रहालय में मौजूद ऐतिहासिक अवशेषों और प्रतीक चिन्हों को देखा। सारनाथ के संग्रहालय में मौजूद राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ को देखकर वह विशेष रूप से प्रभावित हुए। उन्होंने वहां प्रदर्शित प्राचीन पत्थरों और खंडहरों का भी अवलोकन किया। शाम को उन्होंने ट्रेड फैसिलिटी सेंटर जाकर भारत के सिल्क के हुनर को देखा। इसके बाद पीएम एंड्रयू होलनेस नमो घाट से क्रूज पर सवार होकर दशाश्वमेध घाट पहुंचें, और विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती का आनंद लिया। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।***

**********

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तीस नवंबर को कमर्शियल उड़ानों का परीक्षण किया जाएगा। यह फ़ैसला नागरिक उड्डयन महानिदेशालय–डीजीसीए की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों की एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया। यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुणवीर सिंह ने बताया कि बैठक में कमर्शियल उड़ानों की शुरुआत से पहले उड़ान अनुसूची निर्धारित करने और आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र हासिल करने की समय सीमा तय की गई। उन्होंने कहा कि कमर्शियल उड़ानों के परीक्षण में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया सहित दो एयरलाइंस हिस्सा लेंगी।

***आईरस प्रोसीजर्स के लिए और एयरोरुम लाइसेंसिंग के लिए एप्लाई दिसंबर में कर दिया जाएगा। मैक्सिमम नब्बे दिन में डीजीसी से लाइसेंस मिलता है तो उम्मीद करते है की मार्च में लाइसेंस मिल जाएगा जो एक पब्लिकेशन या एआईपी पब्लिकेशन होता है जो आईआईटी के वेबसाइट पर करना पड़ता है और पूरी दुनिया को बताना पड़ता है की ये इंटरनेशनल एयरपोर्ट दुनिया में आ रहा है और इसके पब्लिश होने के बाद टिकट बुकिंग भी शुरू हो जाएगी पहले दिन ही एक अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट कम से कम या एक से ज्यादा और डोमेस्टिक फ्लाइट भी सारी शुरू होंगी।***

**********

बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में कल अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गये। इस घटना में पटाखा फैक्ट्री भवन और आसपास के आठ मकान ढह गये। घटना का संज्ञान लेते हुए वहां के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया है और सीओ तथा सीएफओ के खिलाफ जांच समिति गठित कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के समुचित उपचार और राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं।

**********

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में श्रीरामलला के दर्शन की अवधि और मंगला आरती के समय में आज से परिवर्तन कर दिया गया है। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपत राय के हवाले से हमारे प्रतिनिधि ने बताया है कि नवरात्र के पहले दिन से परिवर्तन प्रभावी हो गया है।

**********